an>

Title: Need to take necessary measures to achieve the objectives of Krishi Vigyan Kendras and also set up more Krishi Vigyan Kendras in the country.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) ः भारत सरकार द्वारा देश के प्रत्येक जिले में वित्तीय सहायता प्रदान करके कृषि विज्ञान केन्द्र चलाये जा रहे हैं जिनका मुख्य उद्देश्य किसानों को अच्छा प्रशिक्षण देकर आधुनिक खेती एवं जैविक खेती के बारे में जागरूक कर कृषि कार्य के प्रति आकर्षण को बढ़ावा देना है लेकिन यह रोज़गार कारगर नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण कृषि विज्ञान केन्द्र का कम होना, वैज्ञानिकों की कमी, कृषि यंत्र की कमी, प्रशिक्षण कार्यक्रम की कमी है। इन सारी कमियों के चलते यह केन्द्र कारगर नहीं हो पा रहा है।

अतः मैं सरकार से मांग करती हूं कि पूरे देश में करीब 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी जो कृषि कार्य से जुड़ी हुई है के हित एवं कृषि के प्रति युवाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में एक अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के साथ-साथ वैज्ञानिकों की संख्या बढ़ायी जाए, वैज्ञानिकों को 5400 से 6000 का ग्रेड पे दिया जाए, प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र को चाहरदीवारी से सुरक्षित किया जाए, कृषि यंत्र बैंक की स्थापना की जाए, 6 माह का प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया जाए एवं कर्मचारियों की क्षमता का विकास किया जाए ताकि पुनः देश के ऐसे युवा जो साधन एवं प्रशिक्षण के अभाव में कृषि कार्य से विमुख हो रहे हैं वह पुनः कृषि कार्य कर देश की तरक्की में अपना योगदान दे सके।